# यूको इंद्रप्रस्थ

**नई दिल्ली अंचल - छमाही पत्रिका**

**अंक - 7**

**अक्तूबर 2025 - मार्च 2026**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

## संपादक मंडल

**संरक्षक**

श्री गौतम पात्र

मुख्य महाप्रबंधक , कारोबार विकास

**अध्यक्ष**

श्री राजेश कुमार तिवारी

महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख

**मार्गदर्शन**

श्री मनोज कुमार

सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख

**संपादक**

नम्रता सिंह

वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा



पता : 5, यूको बैंक, संसद मार्ग, नई दिल्ली -1

ई-मेल: zonewdelhi.ol@ucobank.co.in

# महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश

प्रिय साथियों,

नई दिल्ली अंचल की अर्द्धवार्षिक पत्रिका "यूको इंद्रप्रस्थ" के माध्यम से एक बार पुनः आप सभी से संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होने पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह पत्रिका केवल हमारी उपलब्धियों का संकलन नहीं, बल्कि अंचल के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की प्रतिबद्धता, सामूहिक प्रयासों और उत्कृष्ट कार्य-संस्कृति का प्रतिबिंब है।

यह समय अब तक की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के साथ-साथ आगामी लक्ष्यों के प्रति अपनी रणनीति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का है। हमें विश्वास है कि स्पष्ट लक्ष्य, समुचित योजना, अनुशासित कार्यशैली तथा टीम भावना के साथ किए गए समवेत प्रयास निश्चित रूप से हमें सफलता के नए आयामों तक पहुँचाएंगे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यवसाय विस्तार, गुणवत्तापूर्ण परिचालन, जोखिम प्रबंधन तथा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना होगा।

साथियों, किसी भी बैंक की सबसे बड़ी पहचान उसकी ग्राहक सेवा होती है। हमारा प्रत्येक व्यवहार, प्रत्येक संवाद और प्रत्येक सेवा ग्राहक के मन में बैंक के प्रति विश्वास एवं आत्मीयता का भाव उत्पन्न करती है। अतः हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक ग्राहक को त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक सेवा प्राप्त हो। साथ ही, कासा, रिटेल, एमएसएमई, कृषि ऋण, डिजिटल बैंकिंग उत्पाद, साउंड बॉक्स, क्यूआर कोड, यूपीआई, डोरस्टेप बैंकिंग तथा अन्य बैंकिंग सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं उपयोग पर विशेष

बल देना होगा। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी व्यक्तिगत स्तर पर ग्राहकों से संवाद स्थापित कर इन उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाए तथा नए व्यवसाय सृजन में सक्रिय भूमिका निभाए।

व्यवसाय वृद्धि के साथ-साथ ऋण गुणवत्ता एवं प्रभावी ऋण निगरानी पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। समयबद्ध अनुवीक्षण, सतत निगरानी तथा संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान करके हम नवीन स्लिपेज को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। प्रत्येक शाखा को अपने एनपीए खातों की नियमित समीक्षा करते हुए वसूली की उपयुक्त रणनीति तैयार करनी चाहिए तथा उपलब्ध सभी वैधानिक एवं प्रशासनिक विकल्पों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण ऋण पोर्टफोलियो ही बैंक की दीर्घकालीन प्रगति का सशक्त आधार है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि नई दिल्ली अंचल का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यनिष्ठा, समर्पण, सकारात्मक सोच एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए न केवल निर्धारित व्यवसायिक लक्ष्यों की प्राप्ति करेगा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के नए कीर्तिमान भी स्थापित करेगा। आइए, हम सभी मिलकर आगामी वित्तीय वर्ष नवाचार, गुणवत्ता, ग्राहक संतुष्टि एवं उत्कृष्ट निष्पादन को अपनी कार्यशैली का अभिन्न अंग बनाते हुए अंचल को सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लें।

आप सभी के सतत सहयोग, समर्पण एवं अथक परिश्रम के लिए मैं हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि "यूको इंद्रप्रस्थ" का यह अंक आपको प्रेरणा, ज्ञान एवं नवीन ऊर्जा प्रदान करेगा।

शुभकामनाओं के साथ |

आपका,

(राजेश कुमार तिवारी)
महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख

# संपादक की कलम से...

नई दिल्ली अंचल की अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'यूको इंद्रप्रस्थ' के *अक्टूबर–मार्च* 2026 अंक को आपके समक्ष प्रस्तुत है।

'यूको इंद्रप्रस्थ' केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि हमारे अंचल की सामूहिक सोच, रचनात्मकता, ज्ञान-साझाकरण एवं व्यवसायिक उपलब्धियों का सशक्त मंच है। इसका उद्देश्य बैंक की विभिन्न व्यावसायिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा संबंधी गतिविधियों को एक सूत्र में पिरोते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक पहुँचाना तथा उनमें नवाचार, उत्कृष्ट कार्य-संस्कृति एवं सकारात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना है।

हमारा विश्वास है कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि संगठन की कार्यसंस्कृति, समन्वय और प्रगति का आधार भी है। हिन्दी ने सदैव बैंकिंग सेवाओं को जनसामान्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राहक सेवा को अधिक सहज, प्रभावी एवं आत्मीय बनाने में राजभाषा का योगदान निरंतर बढ़ रहा है और हमें विश्वास है कि भविष्य में भी यह यात्रा नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी।

निरंतर सीखना, समय के साथ स्वयं को परिष्कृत करना तथा उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहना ही सफलता का मूल मंत्र है। प्रत्येक उपलब्धि हमें नए लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देती है और प्रत्येक चुनौती हमें अधिक सशक्त बनाती है। सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं सकारात्मक सोच के साथ हम न केवल अपने व्यवसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति करेंगे, बल्कि राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन में भी नए मानक स्थापित करेंगे।

आपके बहुमूल्य सुझाव एवं प्रतिक्रियाएँ हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत हैं। हमें विश्वास है कि यह अंक आपको ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायी लगेगा तथा आप भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ अपना सहयोग एवं स्नेह प्रदान करते रहेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

आपकी

नम्रता सिंह
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)

# आलेख - भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएं

### प्रस्तावना

कभी बैंकिंग का अर्थ शाखा के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना, पासबुक की छपाई कराना, पर्ची भरना और सीमित समय में ही कार्य संपन्न करना होता था। बैंक आम नागरिक के लिए एक औपचारिक, जटिल और समयसाध्य संस्था हुआ करता था। किंतु आज वही बैंकिंग जेब में रखे मोबाइल फोन के माध्यम से कुछ ही सेकंड में संभव हो गई है। पैसे भेजना, बिल भुगतान, निवेश, बीमा या ऋण के लिए आवेदन अब उंगलियों के स्पर्श मात्र से किया जा सकता है। यह परिवर्तन केवल सुविधा का विस्तार नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक संस्कृति और वित्तीय व्यवहार में आया एक ऐतिहासिक बदलाव है।

### वर्तमान समय में भारतीय बैंकिंग

वर्तमान समय में भारतीय बैंकिंग व्यवस्था एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहाँ प्रौद्योगिकी बैंकिंग का मूल आधार बन चुकी है और डिजिटल भुगतान इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। जहाँ वित्त वर्ष 2017–18 में डिजिटल भुगतान लेन-देन लगभग 2,071 करोड़ थे, वहीं इसके अगले वर्षों में लगातार अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। खासकर FY24 में भारत में कुल डिजिटल भुगतान लेन-देन लगभग 208.5 अरब (20850 करोड़) तक पहुँच गए, जिसमें UPI का हिस्सा लगभग 83 प्रतिशत से भी ऊपर रहा, जो यह दर्शाता है कि अधिकतर लेन-देन इसी माध्यम से हो रहे हैं।

आगे वित्तीय वर्ष 25 में भी डिजिटल भुगतान का विस्फोटक विकास जारी रहा, जिसमें पूरे वर्ष में उम्मीदवारों के अनुसार कुल डिजिटल लेन-देन लगभग 221.9 अरब (22190 करोड़) तक पहुँच गए और Unified Payments Interface (UPI) के माध्यम से 185.8 अरब (18580 करोड़) से अधिक लेन-देन दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 41% की वृद्धि को दर्शाता है।

इस वृद्धि का अर्थ यह है कि डिजिटल भुगतान अब लगभग सभी गैर-नकद रिटेल लेन-देन का 99.9% हिस्सा संभाल रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से नकद-आधारित प्रणाली से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सामाजिक और आर्थिक रूप से तीव्र संक्रमण को दर्शाता है।

इस प्रकार भारत में डिजिटल भुगतान के आंकड़े न केवल लगातार बढ़ रहे हैं, बल्कि उन्होंने बैंकिंग और वित्तीय व्यवहार का स्वरूप ही बदल दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रौद्योगिकी अब बैंकिंग की सहायक नहीं, बल्कि उसका मूल आधार बन चुकी है।

इस परिवर्तन ने बैंकिंग को शहरों की सीमाओं से निकालकर गाँवों तक, संपन्न वर्ग से लेकर गरीब तबके तक और शाखाओं से घरों तक पहुँचा दिया है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि भविष्य में बैंकिंग किस दिशा में जाएगी, प्रौद्योगिकी भारतीय बैंकिंग को किस रूप में ढालेगी और इसके समक्ष कौन-सी नई चुनौतियाँ खड़ी होंगी। इन्हीं प्रश्नों का उत्तर प्रस्तुत करना इस निबंध का उद्देश्य है।

## 1. शाखा-केंद्रित बैंकिंग से नागरिक-केंद्रित बैंकिंग

भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था का सबसे बड़ा और निर्णायक परिवर्तन "शाखा-प्रधान बैंकिंग" से निकलकर "नागरिक-प्रधान बैंकिंग" की ओर अग्रसर होना है। पारंपरिक बैंकिंग मॉडल में जहाँ ग्राहक को अपनी आवश्यकता के लिए बार-बार बैंक शाखा जाना पड़ता था, वहीं आधुनिक डिजिटल युग में बैंकिंग सेवाएँ स्वयं ग्राहक के जीवन-परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुरूप उसके पास पहुँच रही हैं। मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म और डेटा-आधारित सेवाओं के माध्यम से बैंक अब केवल लेन-देन करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि व्यक्ति-केंद्रित वित्तीय समाधान प्रदाता बनते जा रहे हैं। इस बदलाव ने बैंकिंग को अधिक सुलभ, सरल, तेज़ और समावेशी बनाया है।

### (क) शाखाओं की बदलती भूमिका

भविष्य की बैंकिंग में बैंक शाखाएँ समाप्त नहीं होंगी, बल्कि उनकी भूमिका और स्वरूप में गुणात्मक परिवर्तन आएगा। पारंपरिक नकद जमा-निकासी या साधारण लेन-देन की गतिविधियाँ धीरे-धीरे डिजिटल माध्यमों पर स्थानांतरित हो जाएँगी, जबकि शाखाएँ परामर्श, मार्गदर्शन और समाधान केंद्र के रूप में विकसित होंगी। गृह ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण, बीमा योजनाएँ, निवेश परामर्श, पेंशन योजनाएँ तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए वित्तीय सहायता जैसे जटिल और दीर्घकालिक निर्णयों में शाखाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, ग्राहक शिकायत निवारण, विवाद समाधान, वित्तीय साक्षरता तथा व्यक्तिगत परामर्श जैसी सेवाओं के माध्यम से शाखाएँ ग्राहक-विश्वास और संबंध निर्माण का केंद्र बनी रहेंगी।

### (ख) सेवा केंद्र और प्रतिनिधियों का विस्तार

नागरिक-केंद्रित बैंकिंग को सशक्त बनाने में बैंक सेवा केंद्रों और प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट (बैंक मित्र), सूक्ष्म एटीएम, मोबाइल बैंकिंग वैन और आधार-आधारित भुगतान प्रणालियों के माध्यम से बैंकिंग सेवाएँ अंतिम छोर तक पहुँच रही हैं। "बैंक मित्र" मॉडल ने गाँवों में नकद जमा-निकासी, पेंशन और सब्सिडी की प्राप्ति, बीमा प्रीमियम भुगतान तथा डिजिटल लेन-देन को सरल बनाया है। यह व्यवस्था न केवल भौगोलिक दूरी को कम करती है, बल्कि वित्तीय समावेशन को भी सशक्त बनाती है। इस प्रकार "घर के पास बैंकिंग" की अवधारणा भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था की आधारशिला बनती जा रही है, जहाँ प्रत्येक नागरिक को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार समयबद्ध और सुलभ बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

### 2. डिजिटल भुगतान क्रांति: नकदी पर निर्भरता में कमी

डिजिटल भुगतान भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में आए परिवर्तन का सबसे स्पष्ट, तीव्र और प्रभावशाली संकेत है। एक समय था जब दैनिक जीवन के लगभग सभी आर्थिक लेन-देन नकदी पर आधारित थे, किंतु आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। छोटी-सी किराना दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल, विद्यालय की फीस से लेकर अस्पतालों के भुगतान, बिजली-पानी के बिल से लेकर कर भुगतान तक—डिजिटल भुगतान जीवन के हर क्षेत्र में सर्वव्यापी हो चुका है। UPI, मोबाइल वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग, क्यूआर कोड और कार्ड आधारित भुगतान प्रणालियों ने लेन-देन को न केवल सरल बनाया है, बल्कि उसे अधिक सुरक्षित और त्वरित भी किया है।

इस डिजिटल भुगतान क्रांति का सबसे बड़ा प्रभाव नकदी पर निर्भरता में निरंतर कमी के रूप में सामने आया है। नकद लेन-देन जहाँ असुविधा, जोखिम और अपारदर्शिता से जुड़ा होता था, वहीं डिजिटल भुगतान ने पारदर्शिता, लेन-देन का रिकॉर्ड और जवाबदेही सुनिश्चित की है। इससे कर अनुपालन में सुधार हुआ है, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और औपचारिक अर्थव्यवस्था का दायरा विस्तृत हुआ है। आम नागरिक के लिए भी यह व्यवस्था समय की बचत, लागत में कमी और वित्तीय अनुशासन का सशक्त माध्यम बन गई है।

भविष्य में डिजिटल भुगतान और अधिक उन्नत एवं सर्वसुलभ रूप ग्रहण करेगा। स्वर-आधारित भुगतान, कम या अस्थिर नेटवर्क वाले क्षेत्रों में ऑफलाइन डिजिटल भुगतान, स्वचालित एवं आवर्ती भुगतान प्रणालियाँ तथा सीमा-पार डिजिटल भुगतान जैसी अवधारणाएँ बैंकिंग को वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों तक ले जाएँगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुरक्षित पहचान प्रणालियों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान न केवल सुविधा का साधन रहेगा, बल्कि एक पारदर्शी, समावेशी और अनुशासित आर्थिक व्यवस्था की आधारशिला भी बनेगा। इस प्रकार डिजिटल भुगतान अब मात्र एक तकनीकी विकल्प नहीं, बल्कि भारतीय बैंकिंग और अर्थव्यवस्था के भविष्य का अनिवार्य स्तंभ बन चुका है।

### 3. वित्तीय समावेशन: जन-धन योजना और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग ने बैंकिंग को केवल शहरी और संपन्न वर्ग तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इस दिशा में प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) भारतीय बैंकिंग इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरी है। अगस्त 2025 तक 56.16 करोड़ से अधिक जन-धन खाते तथा इनमें लगभग 2.67 लाख करोड़ रुपये की जमा राशि इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि बैंकिंग अब समाज के उन वर्गों तक भी पहुँच चुकी है, जो दशकों तक औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर रहे थे।

जन-धन योजना ने केवल खाते खोलने तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) से जोड़कर कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता को कई गुना बढ़ा दिया। आज सब्सिडी, पेंशन, छात्रवृत्ति, मनरेगा मजदूरी, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक सरकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुँच रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है, लीकेज पर रोक लगी है और शासन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूती मिली है।

इस योजना की एक अत्यंत महत्वपूर्ण विशेषता महिलाओं की व्यापक भागीदारी है। जन-धन खातों में लगभग 56 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं, जो यह दर्शाता है कि बैंकिंग अब महिला सशक्तिकरण का भी प्रभावी माध्यम बन

रही है। बैंक खाते के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक पहचान, बचत की आदत और वित्तीय निर्णयों में भागीदारी का अवसर मिला है, जिससे सामाजिक ढाँचे में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

भविष्य की दृष्टि से वित्तीय समावेशन को और गहरा करने के लिए सरल और स्थानीय भाषा में बैंकिंग सेवाएँ, व्यापक वित्तीय साक्षरता अभियान, तथा ग्रामीण डिजिटल अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण अत्यंत आवश्यक होगा। मोबाइल बैंकिंग, आधार आधारित सेवाएँ, बैंक मित्र मॉडल और डिजिटल भुगतान के विस्तार के साथ यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रत्येक नागरिक न केवल बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ा हो, बल्कि उसका सक्रिय और जागरूक उपयोगकर्ता भी बने। इस प्रकार वित्तीय समावेशन भारतीय बैंकिंग को सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

## 4. कृत्रिम बुद्धि आधारित बैंकिंग

कृत्रिम बुद्धि (Artificial Intelligence) भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था को अधिक बुद्धिमान, सक्रिय और पूर्वानुमान-आधारित बनाने में केंद्रीय भूमिका निभाएगी। पारंपरिक बैंकिंग जहाँ प्रतिक्रियात्मक (reactive) थी, वहीं AI के माध्यम से बैंक अब ग्राहकों की आवश्यकताओं को पहले ही समझने और उनके अनुरूप समाधान प्रस्तुत करने में सक्षम हो रहे हैं। चैटबॉट, वर्चुअल असिस्टेंट और स्वचालित सेवा प्रणालियों के माध्यम से ग्राहकों को 24×7 त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे न केवल सेवा गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि शाखाओं पर निर्भरता भी कम हुई है।

ऋण वितरण के क्षेत्र में भी कृत्रिम बुद्धि क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। AI आधारित क्रेडिट स्कोरिंग और डेटा विश्लेषण प्रणालियाँ ग्राहक की आय, लेन-देन व्यवहार और वित्तीय इतिहास का समग्र मूल्यांकन कर तेज़, निष्पक्ष और अधिक सटीक ऋण निर्णय लेने में सहायता करती हैं। इससे ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया सरल होती है और समय की बचत के साथ-साथ जोखिम भी कम होता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा पहली बार ऋण लेने वाले ग्राहकों के लिए यह तकनीक नए अवसर खोल रही है।

धोखाधड़ी की पहचान और रोकथाम में भी AI की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती जा रही है। वास्तविक समय में लेन-देन का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पहचान करना, साइबर अपराधों को रोकना और ग्राहक की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना अब अधिक प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही AI आधारित जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ संभावित संकटों का पूर्वानुमान लगाकर बैंकों को समय रहते सुधारात्मक कदम उठाने में सक्षम बनाती हैं।

भविष्य में AI आधारित बैंकिंग केवल स्वचालन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह व्यक्तिगत बैंकिंग अनुभव को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं के विश्लेषण के आधार पर अनुकूलित उत्पाद, निवेश सुझाव और बचत योजनाएँ प्रदान की जाएँगी। इस प्रकार कृत्रिम बुद्धि बैंकिंग को अधिक सुरक्षित, कुशल और ग्राहक-केंद्रित बनाकर भारतीय वित्तीय प्रणाली की मजबूती में निर्णायक योगदान देगी।

### 5. साइबर सुरक्षा: सबसे बड़ी चुनौती

डिजिटल बैंकिंग के तीव्र विस्तार के साथ-साथ साइबर सुरक्षा भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी और जटिल चुनौती के रूप में उभर कर सामने आई है। जैसे-जैसे बैंकिंग सेवाएँ मोबाइल, इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित हो रही हैं, वैसे-वैसे जाली संदेश (फिशिंग), फर्जी कॉल, नकली वेबसाइट, पहचान की चोरी और डेटा उल्लंघन जैसे साइबर जोखिम भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ये खतरे न केवल ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, बल्कि बैंकिंग प्रणाली में विश्वास को भी कमजोर कर सकते हैं।

भविष्य की बैंकिंग में साइबर सुरक्षा को केवल एक तकनीकी आवश्यकता के रूप में नहीं, बल्कि सामरिक प्राथमिकता के रूप में अपनाना अनिवार्य होगा। इसके लिए बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण, जैसे दो-स्तरीय या बहु-कारक सत्यापन (Multi-Factor Authentication), बायोमेट्रिक पहचान, एन्क्रिप्शन तकनीक और सुरक्षित नेटवर्क संरचना को व्यापक रूप से लागू करना होगा। साथ ही, लेन-देन की निरंतर एवं वास्तविक समय में निगरानी के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पहचान और रोकथाम सुनिश्चित करनी होगी।

साइबर सुरक्षा में तकनीकी उपायों के साथ-साथ मानव जागरूकता भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। अनेक साइबर अपराध तकनीकी कमजोरी से अधिक मानवीय लापरवाही का लाभ उठाते हैं। इसलिए ग्राहकों और बैंक कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान और सरल भाषा में सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करना आवश्यक होगा। सुरक्षित पासवर्ड, अनजान लिंक से बचाव और संदिग्ध कॉल की पहचान जैसे छोटे-छोटे कदम बड़े जोखिमों को टालने में सहायक बन सकते हैं।

इस प्रकार, डिजिटल बैंकिंग के भविष्य को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को बैंकिंग का अभिन्न और सतत अंग बनाना अनिवार्य है। मजबूत तकनीकी ढाँचा, सतर्क निगरानी व्यवस्था और जागरूक नागरिक—इन तीनों के समन्वय से ही डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित और स्थायी विकास संभव हो सकेगा।

### केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा

केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (Central Bank Digital Currency – CBDC) भारतीय मौद्रिक प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत कर सकती है। यह मुद्रा पारंपरिक नकदी का डिजिटल स्वरूप होगी, जिसे सीधे केंद्रीय बैंक द्‌वारा जारी और नियंत्रित किया जाएगा। डिजिटल मुद्रा के माध्यम से मुद्रा प्रबंधन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल बन सकेगा। विशेष रूप से नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण, नकदी की छपाई, परिवहन और भंडारण से जुड़ी लागत में उल्लेखनीय कमी तथा मुद्रा की वास्तविक समय में निगरानी जैसे लाभ सामने आएँगे।

सरकारी भुगतान प्रणाली में केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। सब्सिडी, पेंशन, वेतन और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान सीधे और तत्काल लाभार्थियों तक पहुँचाया जा सकेगा, जिससे देरी, लीकेज और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। इससे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) व्यवस्था और अधिक पारदर्शी, तेज़ और विश्वसनीय बनेगी। साथ ही, डिजिटल मुद्रा के माध्यम से लेन-देन का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होने से वित्तीय अनुशासन और कर अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा।

भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा डिजिटल भुगतान प्रणालियों, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और सीमा-पार लेन-देन को नया आयाम दे सकती है। यह न केवल डिजिटल लेन-देन को अधिक सुरक्षित बनाएगी, बल्कि मौद्रिक नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में भी केंद्रीय बैंक की क्षमता को सुदृढ़ करेगी। उचित तकनीकी ढाँचे, साइबर सुरक्षा और जन-जागरूकता के साथ लागू की गई डिजिटल मुद्रा भारत को एक आधुनिक, पारदर्शी और सशक्त डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

### 7. लेखा प्रणाली: सुरक्षित डिजिटल अभिलेखों की नई भूमिका

भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था में सुरक्षित और विश्वसनीय डिजिटल अभिलेख प्रणाली की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रही है। जैसे-जैसे बैंकिंग प्रक्रियाएँ पूर्णतः डिजिटल होती जा रही हैं, वैसे-वैसे ऋण स्वीकृति, दस्तावेज़ प्रबंधन, व्यापार वित्त और ग्राहक पहचान सत्यापन से जुड़े रिकॉर्ड का डिजिटल रूप में सुरक्षित संधारण अनिवार्य बनता जा रहा है। आधुनिक लेखा प्रणालियाँ न केवल कागजी अभिलेखों पर निर्भरता कम करेंगी, बल्कि बैंकिंग कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्वरित और त्रुटि-रहित भी बनाएँगी।

डिजिटल अभिलेखों के माध्यम से ऋण खातों, गारंटी, प्रतिभूतियों और भुगतान इतिहास का वास्तविक समय में सत्यापन संभव होगा। इससे निर्णय-प्रक्रिया में तेजी आएगी और धोखाधड़ी की संभावनाएँ कम होंगी। व्यापार वित्त के क्षेत्र में भी डिजिटल दस्तावेज़, ई-इनवॉइस और इलेक्ट्रॉनिक लेटर ऑफ क्रेडिट जैसी व्यवस्थाएँ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू व्यापार को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाएँगी। पहचान सत्यापन में डिजिटल केवाईसी और सुरक्षित डेटा भंडारण प्रणालियाँ ग्राहक अनुभव को सरल बनाते हुए गोपनीयता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगी।

भविष्य की लेखा प्रणाली केवल रिकॉर्ड रखने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह विश्वास की नई संरचना का आधार बनेगी। सुदृढ़ साइबर सुरक्षा, एन्क्रिप्शन और नियंत्रित पहुँच के माध्यम से डिजिटल अभिलेख न केवल नियामकीय अनुपालन को मजबूत करेंगे, बल्कि बैंकों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के बीच विश्वास को भी बढ़ाएँगे। इस प्रकार सुरक्षित डिजिटल लेखा प्रणाली भविष्य की बैंकिंग को अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाकर एक सशक्त वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगी।

### 8. फिनटेक संस्थाओं के साथ सहयोग

भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था में बैंक और फिनटेक संस्थाओं के बीच सहयोग एक निर्णायक भूमिका निभाएगा। पारंपरिक बैंक जहाँ मजबूत पूँजी आधार, नियामकीय अनुभव और व्यापक ग्राहक विश्वास रखते हैं, वहीं फिनटेक संस्थाएँ तकनीकी नवाचार, गति और ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रस्तुत करती हैं। इन दोनों की संयुक्त शक्ति से बैंकिंग सेवाएँ अधिक सरल, तेज़ और सुलभ बन सकेंगी, विशेषकर उन वर्गों के लिए जो अब तक औपचारिक वित्तीय सेवाओं से आंशिक रूप से ही जुड़े रहे हैं।

इस सहयोग के माध्यम से छोटे और त्वरित ऋण, वेतन आधारित वित्तीय सेवाएँ, सूक्ष्म एवं सरल बीमा उत्पाद तथा उद्यम और स्टार्टअप वित्त को नई गति मिलेगी। डेटा एनालिटिक्स, वैकल्पिक क्रेडिट स्कोरिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक तेज़ और समावेशी बनेगी। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्वरोज़गार करने वालों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

बैंक–फिनटेक सहयोग न केवल सेवाओं की पहुँच बढ़ाएगा, बल्कि नवाचार और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे ग्राहक को बेहतर अनुभव, कम लागत और अधिक विकल्प प्राप्त होंगे। नियामकीय ढाँचे के भीतर पारदर्शी और सुरक्षित सहयोग के माध्यम से यह साझेदारी भारतीय बैंकिंग प्रणाली को अधिक लचीला, आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार बनाएगी। इस प्रकार फिनटेक संस्थाओं के साथ सहयोग भारत की बैंकिंग व्यवस्था को एक गतिशील और नवाचार-प्रेरित पारिस्थितिकी तंत्र की ओर ले जाने वाला महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### 9. व्यक्तिगत बैंकिंग: हर नागरिक के लिए अलग समाधान

भविष्य की बैंकिंग व्यवस्था "एक ही उत्पाद सभी के लिए" की पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर व्यक्तिगत और आवश्यकता-आधारित बैंकिंग की दिशा में अग्रसर होगी। बदलते सामाजिक-आर्थिक परिवेश में यह स्पष्ट हो चुका है कि प्रत्येक नागरिक की आय, जीवन-शैली, जोखिम क्षमता और वित्तीय लक्ष्य अलग-अलग होते हैं। इसलिए बैंकिंग सेवाओं का स्वरूप भी इन्हीं भिन्नताओं के अनुरूप ढलना आवश्यक है। डिजिटल तकनीक, डेटा विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धि के माध्यम से बैंक अब प्रत्येक ग्राहक को उसकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार समाधान प्रदान करने में सक्षम हो रहे हैं।

नौकरीपेशा वर्ग के लिए वेतन-आधारित ऋण, स्वचालित बचत और निवेश योजनाएँ, क्रेडिट कार्ड तथा डिजिटल भुगतान सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। किसानों के लिए फसल चक्र के अनुरूप ऋण, बीमा, सब्सिडी से जुड़ी सेवाएँ और मौसम आधारित वित्तीय समाधान उपलब्ध कराए जाएँगे। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण, कौशल विकास वित्त और डिजिटल बैंकिंग के सरल उत्पाद तैयार होंगे, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित निवेश, नियमित आय योजनाएँ, स्वास्थ्य बीमा और आसान ग्राहक सेवा को प्राथमिकता दी जाएगी।

### निष्कर्ष

अंततः यह कहा जा सकता है कि प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तन ने भारतीय बैंकिंग को शाखाओं की सीमाओं से निकालकर हर नागरिक की पहुँच में ला दिया है। डिजिटल भुगतान, जन-धन योजना और AI आधारित सेवाएँ यह सिद्ध करती हैं कि बैंकिंग अब समावेशन, पारदर्शिता और गति की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रही है। यद्यपि साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण और डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियाँ बनी रहेंगी, फिर भी यदि तकनीकी नवाचार के साथ सुरक्षा, नियमन और जन-जागरूकता का संतुलन साध लिया गया, तो भारतीय बैंकिंग व्यवस्था "विकसित भारत" के लक्ष्य की सबसे मजबूत आर्थिक आधारशिला सिद्ध होगी।

**साधना मिश्रा**
**प्रबंधक**
**यूको बैंक, अंचल कार्यालय,**
**नई दिल्ली**

# सुप्रीम कोर्ट शाखा - नवीन परिसर उद्घाटन

**दिनांक 10.02.2026 को हमारी सुप्रीम कोर्ट शाखा के नवीन परिसर शाखा का उद्घाटन आदरणीय श्री सूर्यकांत, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के कर कमलों द्वारा किया गया यह सभी के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा।**

# साहित्यकार - मुंशी प्रेमचंद



## मुंशी प्रेमचंद : यथार्थवादी साहित्य के अमर शिल्पी

"साहित्य समाज का दर्पण है"—इस कथन को यदि किसी साहित्यकार ने अपने जीवन और लेखन से चरितार्थ किया, तो वे थे मुंशी प्रेमचंद। हिंदी और उर्दू साहित्य के इतिहास में उनका स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण एवं अद्‌वितीय है। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से भारतीय समाज के उस यथार्थ को शब्द दिए, जिसे समाज अक्सर अनदेखा करता था। वे केवल महान कथाकार ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील समाज सुधारक, राष्ट्रवादी चिंतक और मानवीय मूल्यों के प्रबल समर्थक थे। उनकी लेखनी ने साहित्य को राजमहलों से निकालकर गाँवों की पगडंडियों, खेत-खलिहानों, मजदूरों की बस्तियों और सामान्य जनजीवन से जोड़ दिया। यही कारण है कि उन्हें 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि से सम्मानित किया जाता है।

## संघर्षों से शुरू हुई जीवन यात्रा

मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई, 1880 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के लमही नामक गाँव में हुआ। उनका वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। उनके पिता मुंशी अजायब लाल डाक विभाग में लिपिक थे तथा माता आनंदी देवी धार्मिक एवं संस्कारी महिला थीं। बचपन से ही प्रेमचंद का जीवन अभावों और संघर्षों से घिरा रहा। जब वे मात्र आठ वर्ष के थे, तभी उनकी माता का निधन हो गया। कुछ वर्षों बाद पिता भी चल बसे। इन परिस्थितियों ने उन्हें कम आयु में ही जीवन की कठोर वास्तविकताओं से परिचित करा दिया।

आर्थिक कठिनाइयों के कारण उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ ट्यूशन पढ़ाकर अपना जीवनयापन करना पड़ा। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के प्रति अपना समर्पण बनाए रखा। आगे चलकर उन्होंने अध्यापक के रूप में कार्य प्रारंभ किया और अपनी योग्यता एवं परिश्रम के बल पर विद्यालय निरीक्षक (Deputy Inspector of Schools) के पद तक पहुँचे। किंतु साहित्य और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इतनी गहरी थी कि उन्होंने सरकारी सेवा का त्याग कर पूर्णकालिक साहित्य-साधना का मार्ग अपनाया।

## साहित्यिक जीवन की शुरुआत

प्रेमचंद ने अपने साहित्यिक जीवन की शुरुआत उर्दू भाषा से की। प्रारंभ में वे 'नवाब राय' नाम से लेखन करते थे। उनकी पहली चर्चित पुस्तक 'सोज़-ए-वतन' अंग्रेज़ी शासन की दृष्टि में राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित मानी गई, जिसके कारण उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद उन्होंने 'प्रेमचंद' नाम से लेखन प्रारंभ किया, और यही नाम आगे चलकर भारतीय साहित्य का पर्याय बन गया।

उन्होंने उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध, संपादकीय तथा बाल साहित्य सहित अनेक विधाओं में लेखन किया। लगभग 300 से अधिक कहानियाँ, डेढ़ दर्जन उपन्यास तथा अनेक निबंध और लेख लिखकर उन्होंने हिंदी साहित्य को अभूतपूर्व समृद्धि प्रदान की।

## यथार्थवादी साहित्य के प्रवर्तक

मुंशी प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज की वास्तविक समस्याओं का जीवंत दस्तावेज़ है। उन्होंने किसानों के शोषण, गरीबी, बेरोज़गारी, स्त्री उत्पीड़न, दहेज प्रथा, बाल विवाह, जातिगत भेदभाव, सामंतवाद, सामाजिक विषमता, भ्रष्टाचार तथा औपनिवेशिक व्यवस्था के दुष्प्रभावों को अत्यंत मार्मिकता के साथ चित्रित किया।

उनके साहित्य में किसी वर्ग विशेष का पक्ष नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की पीड़ा और संघर्ष की अभिव्यक्ति मिलती है। वे मानते थे कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना और जनमानस में चेतना का संचार करना भी है।

## अमर उपन्यास और कहानियाँ

मुंशी प्रेमचंद की साहित्यिक कृतियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी अपने समय में थीं।

उनका अंतिम और सर्वश्रेष्ठ उपन्यास 'गोदान' भारतीय किसान जीवन का सबसे प्रामाणिक चित्रण माना जाता है। इसका मुख्य पात्र होरी भारतीय किसान की आशाओं, संघर्षों और विवशताओं का प्रतीक बन गया है।

'निर्मला' में दहेज प्रथा और अनमेल विवाह की त्रासदी को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

'गबन' मध्यवर्गीय जीवन, सामाजिक प्रतिष्ठा और नैतिक मूल्यों के संघर्ष को उजागर करता है।

'रंगभूमि' में औद्योगीकरण और पूँजीवादी व्यवस्था के कारण सामान्य व्यक्ति के संघर्ष का चित्रण है।

'सेवासदन' नारी जीवन और सामाजिक सुधार का महत्वपूर्ण उपन्यास है, जबकि 'कर्मभूमि' राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और गांधीवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है।

उनकी कहानियाँ आज भी हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। 'ईदगाह' बाल मनोविज्ञान और त्याग की अनुपम कहानी है। 'कफ़न' सामाजिक विडंबनाओं का गहन चित्र प्रस्तुत करती है। 'पूस की रात' किसान जीवन की कठोर वास्तविकताओं को सामने लाती है। 'दो बैलों की कथा' पशुओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं का चित्रण करती है, जबकि 'नमक का दरोगा', 'पंच परमेश्वर', 'बड़े घर की बेटी' और 'शतरंज के खिलाड़ी' जैसी रचनाएँ नैतिकता, न्याय और सामाजिक मूल्यों की उत्कृष्ट व्याख्या करती हैं।

## स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रचेतना

प्रेमचंद का साहित्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से भी गहराई से जुड़ा हुआ था। वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। उन्होंने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को अपने साहित्य में प्रमुखता से स्थान दिया। उनका मानना था कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानसिक भी होनी चाहिए।

उन्होंने साहित्य को राष्ट्रनिर्माण का प्रभावी माध्यम बनाया। उनकी रचनाओं ने समाज में जागरूकता, आत्मसम्मान और परिवर्तन की चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

## संपादक और विचारक

मुंशी प्रेमचंद केवल लेखक ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट संपादक भी थे। उन्होंने 'हंस' और 'जागरण' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। इन पत्रिकाओं के माध्यम से उन्होंने नए लेखकों को मंच प्रदान किया तथा सामाजिक, साहित्यिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीर विमर्श को दिशा दी।

उनका प्रसिद्ध कथन था—

"साहित्य वही है, जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वतंत्रता का भाव हो, सौंदर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो और जो जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश करे।"

## आज भी क्यों प्रासंगिक हैं प्रेमचंद?

समय बदल गया है, लेकिन समाज की अनेक समस्याएँ आज भी हमारे सामने हैं। आर्थिक असमानता, ग्रामीण जीवन की चुनौतियाँ, सामाजिक विषमताएँ, नैतिक मूल्यों का संकट और मानवीय संवेदनाओं का क्षरण आज भी चिंता का विषय हैं। इसलिए प्रेमचंद का साहित्य केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान का भी मार्गदर्शक है।

उनकी रचनाएँ हमें सिखाती हैं कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब न्याय, समानता, करुणा और मानवता को सर्वोच्च स्थान दिया जाए।

## अंतिम पड़ाव

8 अक्टूबर, 1936 को इस महान साहित्यकार का निधन हो गया। किंतु उनका साहित्य आज भी जीवित है। उनकी रचनाओं का अनेक भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है और आज भी विद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा साहित्यिक मंचों पर उनका गंभीर अध्ययन किया जाता है।

## उपसंहार

मुंशी प्रेमचंद का जीवन हमें यह संदेश देता है कि संघर्ष कभी भी सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बनता, यदि व्यक्ति में सत्य के प्रति निष्ठा, समाज के प्रति संवेदनशीलता और अपने उद्देश्य के प्रति अटूट समर्पण हो। उन्होंने साहित्य को जनजीवन से जोड़ा, समाज को नई दृष्टि दी और भारतीय साहित्य को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई।

आज, उनके जन्मदिवस पर उन्हें स्मरण करना केवल एक साहित्यकार को श्रद्धांजलि देना नहीं, बल्कि उन मानवीय मूल्यों को पुनः स्थापित करने का संकल्प लेना है जिनके लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी लेखनी सदैव आने वाली पीढ़ियों को सत्य, न्याय, समानता और मानवता के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती रहेगी।

"जब-जब भारतीय समाज की वास्तविक तस्वीर को शब्दों में देखने की आवश्यकता होगी, तब-तब मुंशी प्रेमचंद का साहित्य हमारे सामने एक जीवंत दर्पण बनकर उपस्थित रहेगा।"

# जी.डी.बिरला व्याख्यानमाला एवं राजभाषा सम्मान

**नई दिल्ली अंचल कार्यालय द्वारा यूको बैंक जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला एवं यूको राजभाषा सम्मान 2025-26 का आयोजन**

आज दिनांक 5 जनवरी 2026 को यूको बैंक, नई दिल्ली अंचल कार्यालय द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में

हिंदी और संस्कृत- अतीत, वर्तमान तथा भविष्य विषय पर यूको बैंक जी डी बिरला स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन किया इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री मुरलीमनोहर पाठक कुलपति श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रहे।

साथ ही यूको राजभाषा सम्मान के अंतर्गत हिंदी स्नातकोत्तर 2025 की परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री राजेश कुमार तिवारी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# सोशल मीडिया एवं डिजिटल युग में हिंदी तथा भारतीय भाषाओं की भूमिका

**भूमिका**

इक्कीसवीं सदी का वर्तमान काल डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया का युग है, जिसने मानव सभ्यता के संवाद तंत्र को अभूतपूर्व रूप से परिवर्तित कर दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड तकनीक और विविध डिजिटल सेवाओं ने न केवल सूचना के आदान-प्रदान को तेज़ किया है, बल्कि सोचने, समझने और अभिव्यक्त करने की प्रक्रिया को भी नई दिशा दी है। आज मनुष्य का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जीवन डिजिटल माध्यमों से गहराई से जुड़ चुका है।

इस व्यापक परिवर्तन के केंद्र में **भाषा** एक सशक्त और निर्णायक माध्यम के रूप में उभरी है। प्रारंभिक दौर में डिजिटल संसार को अंग्रेज़ी भाषा का प्रभुत्व प्राप्त था, जिससे यह क्षेत्र सीमित वर्ग तक ही सिमटा हुआ प्रतीत होता था। किंतु समय के साथ-साथ जैसे-जैसे तकनीक जनसामान्य तक पहुँची, वैसे-वैसे हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं ने भी डिजिटल मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। आज सोशल मीडिया, वेबसाइटों, मोबाइल ऐप्स, ऑनलाइन सेवाओं और डिजिटल कंटेंट में भारतीय भाषाओं का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

हिंदी तथा भारतीय भाषाओं का यह उभार केवल तकनीकी सुविधा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह **सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समावेशन और भाषाई आत्मसम्मान** का प्रतीक भी है। डिजिटल माध्यमों ने भाषा को अभिजात वर्ग की सीमा से निकालकर आम जनता की अभिव्यक्ति का साधन बना दिया है। इस प्रकार, डिजिटल युग में हिंदी और भारतीय भाषाओं की बढ़ती भूमिका केवल संचार का विस्तार नहीं, बल्कि एक **भाषाई लोकतंत्रीकरण** की प्रक्रिया है, जो भारतीय समाज को अधिक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर बना रही है।

## 1. डिजिटल युग में भाषा का बदलता स्वरूप

डिजिटल युग ने भाषा के स्वरूप और उसके प्रयोग में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है। पहले भाषा का प्रयोग मुख्यतः साहित्य, पत्राचार, भाषणों अथवा औपचारिक संवाद तक सीमित था, किंतु आज डिजिटल माध्यमों ने भाषा को **त्वरित, सरल और सर्वसुलभ** बना दिया है। वर्तमान समय में भारत में **80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता** हैं, जिनमें से एक बड़ा वर्ग दैनिक संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करता है। अब भाषा केवल विचारों को अभिव्यक्त करने का साधन नहीं, बल्कि अनुभवों, भावनाओं और प्रतिक्रियाओं को तुरंत साझा करने का माध्यम बन गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भाषा का स्वरूप बहुआयामी हो गया है। आज संवाद केवल लिखित शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि **वीडियो, ऑडियो संदेश, मीम्स, रील्स, शॉर्ट्स और पॉडकास्ट** के माध्यम से भी प्रभावी ढंग से व्यक्त किया जाता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या **50 करोड़ से अधिक** है, जहाँ दृश्य और श्रव्य माध्यमों के माध्यम से भाषा का प्रयोग सबसे अधिक किया जा रहा है। इन नए माध्यमों ने भाषा को अधिक जीवंत, आकर्षक और प्रभावशाली बना दिया है, जिससे आम व्यक्ति भी सहजता से अपनी बात रख सकता है।

हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में **संक्षिप्त, प्रभावी और भावनात्मक अभिव्यक्ति** की स्वाभाविक क्षमता होने के कारण वे डिजिटल मंचों पर अत्यंत लोकप्रिय हुई हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लगभग **60-65% लोग अंग्रेज़ी की तुलना में भारतीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना अधिक पसंद करते हैं**। कम शब्दों में गहरी बात कहना, भावों को सीधे हृदय तक पहुँचाना और स्थानीय संदर्भों का प्रयोग भारतीय भाषाओं को डिजिटल संवाद के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाता है।

इसके अतिरिक्त, चैट, कमेंट, स्टोरी और रिएक्शन जैसी सुविधाओं ने भाषाओं को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी सामाजिक या शैक्षिक पृष्ठभूमि से हो, अपनी मातृभाषा में संवाद कर डिजिटल दुनिया में सक्रिय भागीदारी कर सकता है। इस प्रकार, डिजिटल युग ने भाषा को अभिजात वर्ग की सीमाओं से मुक्त कर **जनसामान्य की अभिव्यक्ति का सशक्त और लोकतांत्रिक माध्यम** बना दिया है।

## 2. सोशल मीडिया: हिंदी और भारतीय भाषाओं का नया मंच

सोशल मीडिया ने हिंदी और भारतीय भाषाओं के लिए अभिव्यक्ति का एक नया, सशक्त और व्यापक मंच उपलब्ध कराया है। फेसबुक, एक्स (पूर्व ट्विटर), इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और कू जैसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ने भाषाई सीमाओं को तोड़ते हुए भारतीय भाषाओं को डिजिटल दुनिया में नई पहचान दिलाई है।

पहले जहाँ डिजिटल संवाद मुख्यतः अंग्रेज़ी तक सीमित माना जाता था, वहीं आज सोशल मीडिया पर भारतीय भाषाओं की सशक्त और प्रभावशाली उपस्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, कन्नड़, मलयालम और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में विशाल मात्रा में कंटेंट उपलब्ध है। इन भाषाओं में समाचार, विचार, मनोरंजन, शिक्षा, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सामग्री निरंतर साझा की जा रही है। इससे भाषाओं का न केवल प्रचार-प्रसार हुआ है, बल्कि उनकी जीवंतता और प्रासंगिकता भी बनी हुई है।

